[A-51] No. of printed pages: 2

**SARDAR PATEL UNIVERSITY**
**BA (IV Semester) Examination**
**2015**
**Saturday, 18th April**
**2.30 pm - 5.30 pm**
**UA04IALH04 - Hindi Part II**
**Analytical Lit. Hindi**
**'श्रृंखला की कड़ियाँ' और 'तिरस्कृत'**

**कुल गुण : ७०**

प्र.१ ससंदर्भ व्याख्या कीजिए। (**किन्हीं तीन**) (१५)

(क) दर्पण का उपयोग तभी तक है जब तक वह किसी दूसरे की आकृति को अपने हृदय में प्रतिबिम्बित करता रहा है, अन्यथा लोग उसे निरर्थक समझकर फैंक देते है।

(ख) इस समय भारतीय नारी के पास ऐसा कौन-सा विशिष्ट गुण नहीं है, जिसे पाकर किसी भी देश की मानवी देवी न बन सकती हो।

(ग) "व्यक्ति तथा समाज का सम्बन्ध सापेक्ष कहा जा सकता है, क्योंकि एक के अभाव में दूसरे की उपस्थिति संभव नहीं।"

(घ) "नहीं पीनी मैंने तुम्हारी चाय, तुम्हारी इस एक कप चाय में करोड़ो दलितों का अपमान भरा है--- अपमान के घूँट बार-बार पीने की आदत अब मैं भूल चुका हूँ।"

(च) "यदि देश के सारे चूहड़े चमार पढ़ लिख गये तो गली-मौहल्लों की सफाई और जूते बनाने का कार्य कौन करेगा ?"

प्र.२ 'नारीत्व का अभिशाप' निबंध में व्यक्त विचार को आधुनिक संदर्भ में समझाइए। (२०)

**अथवा**

प्र.२ टिप्पणी लिखिए:

(क) 'युद्ध और नारी' निबंध में स्त्री की भूमिका।

(ख) 'हमारी समस्याएँ' निबंध में व्यक्त सामाजिक परिस्थिति।

प्र.३ 'तिरस्कृत' आत्मकथा का संक्षिप्त सार लिखकर उसमें व्यक्त उद्देश्य को स्पष्ट कीजिए। (२०)

**अथवा**

प्र.३ टिप्पणी लिखिए :

(क) 'तिरस्कृत' आत्मकथा में चित्रित सूरजपाल की पीड़ा ।

(ख) 'तिरस्कृत' में दलित और सवर्ण समाज ।

प्र.४ निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ (पंद्रह) प्रश्नों के उत्तर दीजिए । (१५)

१. मनुष्य की प्रकृति कौन-सी है ?

२. स्त्री के लिए युद्ध क्या है ?

३. विषमता को कौन-सा रूप दिया गया ?

४. 'श्रृंखला की कड़ियाँ' निबंध-संग्रह की लेखिका का नाम लिखिए ।

५. नारी के बड़े से बड़े त्याग आत्मनिवेदन को संसार ने क्या समझकर स्वीकार किया ?

६. नारी के लिए कौन-सी कहावत चरितार्थ होती है ?

७. स्त्री का जीवन किससे आरंभ होता है ?

८. हमारे समाज में कितने प्रकार की स्त्रियाँ मिलेगी ?

९. मानसिक तथा शारीरिक विकास के लिए क्या चाहिए ?

१०. 'तिरस्कृत' का अर्थ लिखिए ।

११. सूरजपाल चौहान किस समाज में जन्मे थे ?

१२. कोई चार हिन्दी दलित लेखकों का नाम लिखिए ।

१३. सूरजपाल चौहानने किन-किन विधाअं में अपना योगदान दिया है ?

१४. सूरजपाल चौहान की बेटी का नाम क्या है ?

१५. सूरजपाल ने गुजरात के किस शहर में कुछ वर्ष नौकरी की थी ?

१६. 'तिरस्कृत' आत्मकथा का मुख्य उद्देश्य क्या है ?

१७. 'तिरस्कृत' आत्मकथा में किसका यथार्थ चित्रण मिलता है ?

१८. सूरजपाल चौहान की बहन का नाम क्या है ?

☺☺☺☺☺